




## एक नजर में

### किसानों से चर्चा की समस्याओं की निराकरण के निर्देश दिए



**मंदसौर।** कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने गुरुवार को मंदसौर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। मंडी के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते मंडी संचालन प्रक्रिया का अवलोकन किया किसानों से चर्चा की। इस दौरान एसडीएम श्री शुभम पाटीदार तथा कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंडी परिसर में उपस्थित लहसुन उत्पादक किसानों से चर्चा की, फसल नीलामी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की, लहसुन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। किसानों को मंडी परिसर में दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गई। किसानों द्वारा की गई शिकायतों के निराकरण के संबंध में एसडीएम को दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने व्यापारी की दुकान पर पहुंच कर किसानों को भुगतान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। मंडी परिसर में लाई गई सोयाबीन फसल का भी अवलोकन किया। सोयाबीन लाने वाले किसानों से भी चर्चा की। निरीक्षण के पश्चात मंडी कार्यालय में एसडीएम तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ मंडी संचालन प्रक्रिया के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### जीवन में समय की महत्ता समझो : साध्वी लावण्या श्रीजी

**मंदसौर।** जीवन में समय बहुत ही मूल्यवान होता है हमें समय की महत्ता को समझना चाहिये। कोई भी व्यक्ति चाहे गरीब हो या अमीर सभी के लिये समय उपयोगी होता है जो व्यक्ति समय की कीमत पहचान लेता है वह जीवन का रहस्य समझ जाता है। उक्त उद्गार परम पूज्य जैन साध्वी लावण्या श्रीजी म.सा. ने साध्वी नेहाश्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने गुरुवार को शास्त्री कालोनी नवकार भवन में आयोजित धर्मसभा में कहा कि अनावश्यक रूप से नहीं बोले, आवश्यकता होने पर ही बोले बिना तोले समझे बोलने के बाद यदि हमें बाद में पछतावा होता है तो उसका कोई लाभ नहीं है बदलते हुये परिवेश में जीवन में अच्छा श्रावक श्राविका बनना है तो जीवन में धर्म के क्षेत्र में पदार्पण कर धर्म के प्रति सचेत रहे। सम्यक ज्ञान, दर्शन व चरित्र को समझने की कोशिश करे। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं भी उपस्थित थे। धर्मसभा में श्रावक श्राविकाओं ने उपवास एकासने एवं आयम्बिल के पंचकाण भी किये।

### पुण्य कमाये, पापकर्म से दूर रहे : मुनिश्री विरलविजयजी



**मंदसौर।** मानव जीवन में हमें बार बार जन्म मरण को जो प्राप्त करना पड़ रहा है उसका कारण पाप कर्म व पुण्यकर्म है। मनुष्य भव महत्वपूर्ण है इस भव में हम सभी पुण्य कर्म का संचय करे तथा पापकर्म से दूर रहे। उक्त उद्गार परम पूज्य जैन संत मुनिराज विरल विजयजी म.सा. ने नई आबादी स्थित आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने गुरुवार को यहां धर्मसभा में कहा कि शांतसुधारस में उपाध्याय विनयविजयजी म.सा. ने पाप एवं पुण्य का रहस्य बताया है। आपने कहा कि जीवन में हमें पापकर्म कमाना है या पुण्य कर्म यह सब हमारे हाथ में है। जीवन में हमसे कम से कम पाप हो ऐसी प्रवृत्ति लाये, जाने अनजाने में पापकर्म हो भी जाये तो प्रतिक्रमण कर पापकर्म का प्रायश्चित करे। जीवन में हमें शाश्वत सुख पाना है तो पाप से दूर होना ही पड़ेगा, पापकर्म ही हमारे बार–बार जन्म मरण का कारण है हमें इस कारण का निदान करना ही पड़ेगा। आपने कहा कि जीवन में हमें पाप से बचना है तो धर्म का आश्रय लेना ही पड़ेगा। धर्म को समझे बिना धर्म की शरण के बिना पापकर्म से बचाव संभव नहीं है। हम जीवन में दीक्षा नहीं ले सके तो कोई बात नहीं सामायिक कर समता का भाव तो ला ही सकते हैं। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

# भाजपा की मासिक संगठनात्मक बैठकों का क्रम जारी, आगामी कार्यक्रमों की बनाई कार्ययोजना



, **मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मंडलों की मासिक संगठनात्मक बैठकों का क्रम लगातार जारी है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य एवं जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के मार्गदर्शन तथा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित बैठकों में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, शक्ति केंद्रों की सक्रियता, सदस्यता विस्तार एवं सेवा गतिविधियों को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई।

मंदसौर दक्षिण मंडल की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में हुई। इसमें जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, मंडल प्रभारी राजेश सेठिया, मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, मंडल महामंत्री अमन फरकया एवं धर्मेन्द्र जटिया उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि सतत जनसंपर्क संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय टीम बनाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं।

दलौदा मंडल की बैठक फतेहगढ़ स्थित देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। इसमें पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया, जिला महामंत्री विजय सुराना, मंडल प्रभारी चन्द्रप्रकाश पण्डा एवं ओमप्रकाश परमार तथा मंडल अध्यक्ष सुमित सेन उपस्थित रहे। बैठक में आगामी अभियानों को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

मंदसौर उत्तर मंडल की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी जितेन्द्रसिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल राठौर, जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन आटेला, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत एवं मंडल महामंत्री बंशीलाल राठौर व कैसरीमल जटिया उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने की। वक्ताओं ने बूथ एवं शक्ति केंद्रों को संगठन की मजबूत इकाई बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को घर–घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इसी प्रकार बूढ़ा मंडल की बैठक फोसरी माता, संजीत में हुई। इसमें जिला सह कार्यालय मंत्री राजकुमार गौड़, मंडल प्रभारी नरेन्द्र पाटीदार एवं धर्मेन्द्र श्रीवास्तव तथा मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में बूथ माइक्रो मेंटेनेंस, शक्ति केंद्रों की सक्रियता और संगठनात्मक गतिविधियों में कार्यकर्ताओं की सहभागिता बढ़ाने पर चर्चा हुई।

बैठकों में 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान, सामाजिक समरसता संकल्प अभियान, संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम, बूथ माइक्रो मेंटेनेंस अभियान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय बूथ प्रशिक्षण अभियान, मन की बात कार्यक्रम एवं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## स्मार्ट मीटर विरोध में कांग्रेसियों पर दर्ज प्रकरण समाप्त करने की मांग

**मंदसौर। स्मार्ट मीटर के विरोध में आंदोलन कर रहे 11 कांग्रेसजनों के खिलाफ पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किए जाने के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रकरणों को अनुचित बताते हुए इन्हें समाप्त करने की मांग की। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा गया।**


ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 31 जुलाई को स्मार्ट मीटर के विरोध में किया गया आंदोलन आम जनता की समस्याओं एवं चिंताओं को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया था। आंदोलन के दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीपसिंह गुर्जर, वसीम खान, योगेन्द्र गौड़, संदीप सलोद, सुरेश भाटी, शाहनवाज, आसिफ खान, रोहित राज, अरबाज, मंगल पाटीदार एवं राजपाल के विरुद्ध पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन करने वाले नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई जनभावनाओं के अनुरूप लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वालों के प्रति कठोर प्रतीत होती है।

कांग्रेस ने मांग की कि दर्ज किए गए सभी प्रकरणों की निष्पक्ष समीक्षा कर उन्हें तत्काल समाप्त किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी आम जनता की चिंताओं को उठाना जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, जिला अनुशासन समिति अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव अजय लोढ़ा, ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, मनजीतसिंह टुटेजा, प्रवीण मांगारिया, शुभम कुमावत, विनोद शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## मंदसौर–सीतामऊ मार्ग पर 211 ग्राम एमडी जब्त



**मंदसौर। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) राजस्थान यूनिट ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंदसौर–सीतामऊ मार्ग पर कार्रवाई करते हुए 211 ग्राम अवैध एमडी जब्त की है। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।**

CBN को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों की टीम ने 5 अगस्त को मंदसौर–सीतामऊ मार्ग पर ग्राम अरणिया निजामुद्दीन के समीप संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के फ्रंट वाइजर के अंदर छिपाकर रखा प्लास्टिक बैग मिला, जिसमें 0.211 किलोग्राम अवैध एमडी बरामद हुई।

CBN अधिकारियों ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद मादक पदार्थ एवं मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। मामले में आगे की जांच एवं कार्रवाई जारी है।

CBN ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। ब्यूरो ने आमजन से अपील की है कि मादक पदार्थों से संबंधित संदिग्ध गतिविधियों की सूचना ब्यूरो को दें।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन, हर घर तिरंगा अभियान का दिया संदेश

**मंदसौर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड जिला मंदसौर की जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्ट के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था द्वारा सेक्टर डिगांव माली क्रमांक–4 के ग्राम जग्गाखेड़ी (नाहरगढ़) स्थित मिडिल स्कूल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवनी शर्मा एवं गुर्जर बढ़िया मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर नीम, शीशम, कंज, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधों का रोपण किया गया।

अपने संबोधन में जीवनी शर्मा ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा अवश्य फहराना चाहिए। वहीं भेरूलाल सेन ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की आवश्यकता है तथा बच्चों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें बड़ा करने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की भी शुभकामनाएं दीं। विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्ट ने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा पिछले एक माह से स्वैच्छिकता पर्व मनाया जा रहा है।

एक नजर

माता पिता अपनी संतान को पाश्चात्य संस्कृति से बचाने का प्रयास करें

## संस्कार देना माता–पिता व गुरु का दायित्व : आचार्य सागरचन्द्रसागरजी




**मंदसौर।** आजकल की युवा पीढ़ी में संस्कारों की कमी है। युवा पीढ़ी में संस्कार होना जरूरी है। यह संस्कार देना माता–पिता व गुरु का दायित्व है। आजकल पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भारत की युवा पीढ़ी भी कई ऐसे त्यौहार मनाने लगी है जो भारत की संस्कृति के अनुरूप नहीं है। वेलेन्टाईन डे, रोज डे, फ्रेन्डशीप डे एवं प्रपोज डे जैसे फेस्टिवल भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं है हमें युवा पीढ़ी को ऐसे त्यौहारो से दूर रखना चाहिए।

उक्त उद्गार परम पूज्य जैन आचार्य श्री अशोक सागरजी म.सा. की पावन निश्रा में आचार्य सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ पर आयोजित प्रवचन में कहे। आपने गुरुवार को यहां धर्मसभा में कहा कि विवाह योग्य युवक–युवतियों पर माता–पिता विशेष निगाह रखे, उन्हें अपरिचित या अन्य लोग जो रिश्तेदार नहीं हैं उनसे गिफ्ट नहीं लेने दे।

आजकल गलत सम्बंधों की शुरूआत गिफ्ट लेने देने से ही होती है। विरोधी धर्म के युवा, युवतियों को मोबाईल या अन्य कोई उपहार देकर उन्हें फांसने का काम करते हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिये जरूरी है कि विवाह योग्य युवक व युवती को सचेत किया जाये। कोई भी गिफ्ट यदि लेकर युवा व युवती घर आते है माता पिता उन्हें समझाईश दे क्योकि गलत सम्बंधो की शुरुआत लोभ देकर की जाती है। बच्चों को संस्कार देने के लिये धर्मसभाओ में लाओ ताकि वे धर्म का सही स्वरूप समझे। आपने कहा कि युवक युवतियो को माता–पिता की इच्छा के विरूद्ध दूसरे धर्म के व्यक्तियों से विवाह नहीं करना चाहिए।

# नीमच

## एक नजर में

### पालक महासंघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन




**नीमच।** शासन की महत्वाकांक्षी सीएम राइज (सांदीपनि) विद्यालय योजना के अंतर्गत तीन वर्ष पूर्व स्वीकृत विद्यालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को लेकर पालक महासंघ मध्यप्रदेश, जिला इकाई नीमच एवं महिला विंग के नेतृत्व में गुरुवार को विधायक दिलीप सिंह परिहार को अंतिम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि निर्माण कार्य 15 अगस्त 2026 से पूर्व प्रारंभ किया जाए। पालक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, पालक, समाजसेवी, सेवानिवृत्त अधिकारी, महिला संगठनों की सदस्याएं एवं स्कूली छात्र–छात्राएं शामिल हुए। महिला विंग की जिला सचिव उषा मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक–2, नीमच कैंट स्थित प्रस्तावित सांदीपनि विद्यालय निर्माण स्थल पर मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके बाद सभी प्रतिभागी अपने वाहनों से विधायक निवास पहुंचे। इस दौरान 'सांदीपनि विद्यालय भवन निर्माण शीघ्र चालू करो', 'सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण में लापरवाही नहीं चलेगी', 'हम सबका नारा है, शिक्षा का अधिकार हमारा है' जैसे नारों के साथ रैली निकाली गई। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक बालकृष्ण सोलंकी, श्रीमती उमा जैन, समाजसेविका श्रीमती सरोज गांधी, सेवानिवृत्त प्राचार्य किशोर सिंह जैन, श्रीमती सविता चौधरी, महावीर जैन, प्रवीण कुमार जैन, महिला विंग मीडिया प्रभारी श्रीमती आशा सांभर, सचिव उषा मित्तल, नागेश जोगनिया, मीडिया प्रभारी संजय नागदा सहित अनेक पालक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। विधायक दिलीप सिंह परिहार का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

### हर घर तिरंगा को लेकर पालसोड़ा में हुई प्रस्फुटन समितियों की बैठक

**नीमच।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला नीमच के निर्देशानुसार नवांकुर संस्था हेल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शन में सेक्टर–4 की प्रस्फुटन समितियों की बैठक गुरुवार को ग्राम पंचायत परिसर पालसोड़ा में आयोजित हुई। बैठक में आगामी अभियानों, जनभागीदारी तथा ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पालसोड़ा के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक नवनीत रत्नाकर ने अगस्त माह में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा रैली, हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण, नवांकुर सखी कार्यक्रम, समितियों के दस्तावेजीकरण, बोर्ड एवं फ्लेक्स स्थापना, नियमित बैठकें, सीएमसी–एलडीपी कक्षाओं में प्रवेश तथा आदर्श ग्राम निर्माण जैसी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

# बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के खाद्य व्यवसाय संचालित करने पर प्रकरण दर्ज




**नीमच।** नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश, भोपाल तथा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की।

त्रिमूर्ति नगर स्थित न्यू निशा सेल्स के निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान संचालक द्वारा खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत नहीं की गई। निरीक्षण में प्रतिष्ठान पर विक्रय हेतु ब्रांडेड पेयजल एवं कार्बोनेटेड वाटर का भंडारण पाया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के खाद्य व्यवसाय संचालित किए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। संचालक को बिना अनुज्ञप्ति खाद्य व्यवसाय संचालित नहीं करने के निर्देश दिए गए। प्रकरण की विवेचना उपरांत इसे माननीय अपर कलेक्टर न्यायालय, नीमच के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अधिनियम के तहत इस प्रकार के प्रकरण में अधिकतम 10 लाख रुपये तक के अर्थदण्ड का प्रावधान है।

स्टेशन रोड स्थित श्रीनाथ रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान जीरा कार्बोनेटेड वाटर एवं पतंजलि मैंगो ड्रिंक के नमूने जांच हेतु लिए गए। निरीक्षण में पानी की जांच रिपोर्ट, कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा–32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

इंदिरा नगर स्थित निशा दूध डेयरी एवं प्रोविजन से हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, जीरा एवं राई के नमूने जांच के लिए लिए गए। आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने पर प्रतिष्ठान संचालक को धारा–32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

## यात्रियों को डबल झटका, महंगा हुआ निजी बसों का सफर, थम सकते हैं बसों के पहिए

**नीमच।** मध्य प्रदेश में गुरुवार से निजी बसों का सफर महंगा हो गया है। परिवहन विभाग द्वारा नया किराया चार्ट लागू किए जाने के बाद अब यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 रुपये किराया देना होगा। पहले यह दर 1 रुपये 25 पैसे प्रति किलोमीटर थी। यानी अब हर किलोमीटर के सफर पर यात्रियों को 75 पैसे अधिक चुकाने होंगे। वहीं, किराया बढ़ने के बावजूद निजी बस संचालकों की अन्य मांगें पूरी नहीं होने से प्रदेशभर में गुरुवार रात 12 बजे से निजी बसों के पहिए थम जाएंगे।

नीमच प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से किराया वृद्धि की मांग की जा रही थी, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, बस यूनियन एसोसिएशन की 8 सूत्रीय मांगों में से फिलहाल केवल एक मांग पूरी हुई है, जबकि 7 मांगें अब भी लंबित हैं। इसी के विरोध में प्राइवेट बस यूनियन एसोसिएशन के आह्वान पर गुरुवार रात 12 बजे से प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू होगी। हड़ताल के चलते नीमच सहित पूरे प्रदेश में निजी बसों का संचालन प्रभावित रहने की संभावना है, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बस संचालकों का कहना है कि जब तक उनकी शेष मांगों पर सरकार सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, यात्रियों की चिंता इस बात को लेकर बढ़ गई है कि किराया बढ़ने के साथ अब उन्हें बसों की उपलब्धता का संकट भी झेलना पड़ सकता है।

## सांदीपनि विद्यालय में 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ

**नीमच।** मध्यप्रदेश पुलिस, स्कूल शिक्षा विभाग एवं यूएनएफपीए के संयुक्त सहयोग से संचालित 'सृजन संवाद योजना' के अंतर्गत गुरुवार को सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीमच कैंट में 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सृजन संवाद योजना का उद्देश्य छात्रों में विधिक जागरूकता, उत्तरदायी नागरिकता, सुरक्षा बोध एवं न्याय तक पहुंच के प्रति समझ विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को संविधान, उनके अधिकारों, पुलिस की कार्यप्रणाली तथा कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जाएगा, जिससे वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत शिक्षकों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों को थानों का भ्रमण कराया जाएगा, जहां उन्हें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा संबंधी कानून तथा डायल–112 आपातकालीन सेवा की कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी।

एक नजर

जिला सेन समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## बेटियों ने मारी बाजी, 46 मेधावियों का हुआ सम्मान

**नीमच। जिला सेन समाज संगठन एवं तहसील सेन समाज संगठन, नीमच के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्री नारायणी माता मंदिर परिसर में जिला सेन समाज प्रतिभावान पुरस्कार वितरण समारोह एवं सामाजिक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुखलाल सेन (तारापुर) एवं जिला युवा अध्यक्ष चमन सेन ने की। समारोह में रामेश्वर खींची (छोटी सादड़ी), ओमप्रकाश बोराना (प्रतापगढ़), विष्णु कछावा (मल्हारगढ़), मांगीलाल राठौर (मनासा), हरिप्रसाद गेहलोत (नीमच), मोहनलाल कछावा, दीपक गेहलोद (मनासा), रमेशचंद्र भाटी (कनेरा) तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश परिहार (हांसपुर) सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

> बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने–अपने प्रकोष्ठों का आय–व्यय प्रस्तुत करते हुए समाजहित से जुड़े विषयों पर जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला शिक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसमें गोपाल परमार (नीमच) को जिला संयोजक नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिभा सम्मान समारोह रहा। वर्ष 2026 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं के 15 विद्यार्थियों में 10 बेटियां एवं 5 बेटे, कक्षा 12वीं के 20 विद्यार्थियों में 15 बेटियां एवं 5 बेटे, स्नातक स्तर पर 2 विद्यार्थियों तथा खेल, विज्ञान, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न उपलब्धियों सहित कुल 46 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में बेटियों की उल्लेखनीय सफलता को समाज के लिए गर्व का विषय बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि सेन समाज 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को व्यवहारिक रूप से आगे बढ़ा रहा है।